प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

**31 अगस्त 2026**

**अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – अगस्त 2026**

वर्ष 2026 के अगस्त माह के दौरान प्राप्त अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) के ऋण और जमा दर संबंधी आंकड़े सारणी 1 से 9 में दिए गए हैं।

**मुख्य बातें:**

**ऋण दरें:**

- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) जुलाई 2026 में 8.97 प्रतिशत (जून 2026 में 8.96 प्रतिशत) रही।
- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर जुलाई 2026 में थोड़ी कम होकर 8.52 प्रतिशत हो गई, जोकि जून 2026 में 8.53 प्रतिशत थी।
- एससीबी की एक वर्षीय निधि की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) की माध्यिका अगस्त 2026 में 8.70 प्रतिशत (जुलाई 2026 में 8.60 प्रतिशत) रही।
- जुलाई 2026 में, नए और बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर में विभिन्न क्षेत्रों में मिश्रित रुख देखा गया।

**जमा दरें:**

- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) जून 2026 के समान जुलाई 2026 में 6.58 प्रतिशत पर बनी रही।
- एससीबी की नई रुपया मीयादी जमाओं पर डब्ल्यूएडीटीडीआर जून 2026 के 5.99 से घटकर जुलाई 2026 में 5.90 हो गई।

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/1003**